Ans. (b) – दादू दयाल ने 'संत गुण सागर' और 'नाम-माला' की रचना की थी। दादू राजस्थान के दिव्य प्रकाश ध्वनि और निर्गुण भक्ति के महान कवि-रहस्यवादी और आध्यात्मिक गुरू थे। इनके पंथ को दादूपंथ के नाम से जाना जाता है। ये मुगल सम्राट शाहजहाँ के समकालीन थे।

633. 'समराइच्चकहा' का रचयिता कौन था?

(a) जिनपाल (b) जिनेश्वर
(c) हरिभद्र सूरी (d) उद्‌योतन सूरी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) – ''समराइच्चकहा' की रचना ''हरिभद्र सूरी'' ने की थी। ''आचार्य हरिभद्र सूरी'' श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय के प्रसिद्ध जैन दार्शनिक और लेखक थे।

634. ऐतिहासिक पोथीखाना कहाँ स्थित है?

(a) अलवर में (b) उदयपुर में
(c) जयपुर में (d) जोधपुर में

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) – ऐतिहासिक पोथीखाना राजस्थान के जयपुर में स्थित है। पोथीखाने में दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथ, चित्रित ग्रंथ, गुटखे एवं मानचित्र आदि संगृहीत किए गये हैं। जयपुर की स्थापना आमेर के शासक सवाई जयसिंह के द्वारा करवाया गया था। इसे पिंक सिटी (गुलाबी नगरी) भी कहा जाता है। 2019 में यूनेस्को द्वारा जयपुर को ''वर्ल्ड'' हेरिटेज सिटी का दर्जा प्रदान किया गया।

635. 'बेलि क्रिसन रुकमणी री' ....के द्वारा लिखी गई।

(a) कान्हड़ दे (b) करणीदान
(c) सदाशिव (d) पृथ्वीराज राठौड़

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (d) – 'बेलि क्रिसन रूक्मणी री' की रचना पृथ्वीराज राठौड़ ने 1580 ई0 में की थी। यह डिंगल भाषा का महत्वपूर्ण खण्डकाव्य है। इस रचना में डिंगल के छंद वेलियों गीत का प्रयोग किया गया है। इसमें कृष्ण और रूक्मणी के विवाह बन्धन की कथा का वर्णन किया गया है।

636. 'राजस्थानी रामायण' की रचनाकार किसे माना जाता है?

(a) सहजोबाई (b) समर्थनदास मनीषी
(c) समयसुन्दर (d) सीताराम सेकसरिया

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) – 'राजस्थानी रामायण' की रचनाकार 'समयसुंदर' को माना जाता है। समयसुंदर ने 1977-83 ई. के दौरान 'सीताराम चौपाई' नाम से राजस्थानी रामायण की रचना की थी।

637. 'खुमाण रासो' का रचनाकार कौन था?

(a) जाचिक जीवण (b) दलपत
(c) जोधराज (d) ईसरदास

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) – 'खुमाण रासो' की रचना दलपत विजय ने किया है। इसकी भाषा पिंगल है। इस ग्रंथ से बप्पा रावल से राज सिंह तक के इतिहास का पता चलता है।

638. हम्मीर रासो का लेखक कौन है?

(a) जोधराज (b) चन्द्रशेखर
(c) नयनचन्द्र सूरी (d) चन्द्रबरदाई

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – हम्मीर रासो के रचयिता जोधराज हैं। जोधराज वीर-रस के उत्कृष्ट कोटि के कवि थे। बीसलदेव रासों के रचयिता नरपति नाल्ह,, खुम्माण रासो के रचयिता दलपत विजय एवं पृथ्वीराज रासो के रचयिता चन्दरबरदाई थे।

639. रणछोड़ भट्ट ने संस्कृत में किस महाकाव्य की रचना की?

(a) रघुवंश तिलक (b) राज प्रशस्ति
(c) कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति (d) बीकानेर प्रशस्ति

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – रणछोड़ भट्ट ने संस्कृत में राज प्रशस्ति महाकाव्य की रचना की है। ये मेवाड़ के महाराजा जयसिंह के दरबार में रहते थे।

640. 'राग चंद्रिका' किसके द्वारा रचित है?

(a) द्वारकानाथ भट्ट (b) मिर्जा राजा जयसिंह
(c) देवर्षि भट्ट (d) माधवसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राम चंद्रिका, द्वारकानाथ भट्ट द्वारा रचित संगीत ग्रंथ है।

641. 'शोक शतक' के लेखक कौन थे?

(a) केसरीसिंह (b) ऊमरदान
(c) बालाबक्श (d) नाथूदान

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (c) – 'शोक शतक' के लेखक बालाबक्श हैं। इनकी अन्य रचनाएं है- अश्व विधान सूचना, आसीस विगतावली, आसीस-अष्टक, आसीस-पच्चीसी, षट्शास्त्र-सारांश, शास्त्र विधान सूचना, शास्त्र प्रकाश और शस्त्रसार।

642. 'म्यूटिनीज इन राजपूताना' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(a) आई.टी.प्रिचार्ड (b) नाथूराम खड़गावत
(c) माइकल एडवर्ड (d) जबरसिंह

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) – 'म्यूटिनीज इन राजपूताना' नामक पुस्तक के लेखक आई.टी.प्रिचार्ड हैं।

643. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रंथ जयपुर की स्थापना एवं शहर की नगर निर्माण योजना की जानकारी देता है?

(a) हम्मीर रासो (b) राजविनोद
(c) वंश भास्कर (d) बुद्धिविलास

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (d) – बुद्धिविलास ग्रंथ की रचना बखतराम शाह ने की है। बुद्धिविलास ग्रंथ से जयपुर नगर की स्थापना के बारे में विस्तृत विवरण प्राप्त होता है। जयपुर शहर की स्थापना 1727 ई. में सवाई जयसिंह द्वितीय ने करवाया था। इस शहर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है।

644. आनन्दविलास' के रचयिता कौन थे?

(a) महाराजा राजसिंह
(b) महाराजा जसवंतसिंह
(c) सवाई जगतसिंह -I
(d) राव मालदेव

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80